महत्वपूर्ण एवं खास

थाना परिसर में आरक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जशपुर (आरएनएस)। जिले के बगीचा थाना के बैरक में ही एक आरक्षक के द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के मुताबिक आरक्षक सुबह 9:00 बजे गणना में शामिल था जिसके बाद वह बाजार गया और वापस लौटने के बाद आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया। आरक्षक का नाम समेन्द्र बेक है, जो बगीचा थाने में पदस्थ है। इस संदर्भ में एसपी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आरक्षक सुबह 9:00 बजे तक गणना में शामिल था। जिसके बाद बाजार गया। लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक वह बाजार से रस्सी खरीद कर लाया और थाने के बैरक में जाकर आत्महत्या कर लिया।

अटल आवास के पीछे संदिग्ध अवस्था में मिली अधेड़ महिला की लाश

डोंगरगढ़ (आरएनएस)। अटल आवास के पीछे जंगल मे अधेड़ महिला की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, ये घटना डोंगरगढ़ अटल आवास के पीछे की है जहां एक अधेड़ महिला की पेड़ से लटकती लाश देखकर लोगों के होश उड़ गए। वही मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में इस घटना की जानकारी डोंगरगढ़ पुलिस को दी,जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच विवेचना में जुट गई है। मृतक महिला का नाम कांता यादव बताया जा रहा है जिसके मौत का कारण अभी पता नही चल पाया है।

जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में अवकाश

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर के चलते जिला प्रशासन ने जिले के समस्त आंगनबागड़ी केन्द्रों को 4 जनवरी तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। प्रदेश के साथ ही राजधानी रायपुर सहित जिले में इस समय पड़ रही कड़ाके की ठंड,शीतलहर और बेमौसम बारिश के बाद उपजे हालातों के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों को 4 जनवरी तक बंद रखने का आदेश जारी कर दिया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में छोटे बच्चों को ठंड से बचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

दो दिन सभी स्कूलों में रहेगी छुट्टी ठंड के मद्देनजर कलेक्टर ने दिए निर्देश

धमतरी(आरएनएस)। जिले में पड़ रही ठंड को देखते हुए जिले में आज और कल स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर श्री रजत बंसल ने स्कूली बच्चों की सेहत को ध्यान में रख ठंड से होने वाली असुविधा से बचने जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूल बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिले के सभी शासकीय, अशासकीय स्कूल 03 और 04 जनवरी दोनों दिन बंद रहेंगी। ज्ञात हो कि तीन जनवरी को आयोजित कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं की छःमाही परीक्षा यथावत ली जाएगी।

प्रेमिका की हत्या करने के बाद युवक ने की आत्महत्या

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के टिकरापारा इलाके में एक होटल के एक कमरे में एक युवक ने पहले अपनी प्रेमिका की चाकू से गोदकर हत्या कर दी फिर खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राजधानी के टिकरापारा इलाके में एक कारोबारी की गोली मारकर हत्या की घटना को कुछ घंटे ही हुए थे कि इस इलाके में फिर एक बड़ी वारदात हो गयी। घटना पचपेढ़ी स्थित एक होटल की है। बताया जा रहा है कि प्रेमी होटल का शेफ बताया जा रहा है, जिसका होटल की ही एक कर्मचारी के साथ प्रेम संबंध था। होटल के मालिक ने कर्मचारियों को होटल में ही कमरा दे रखा था। प्रेमी जोड़ा भी होटल के ही कमरे में रहते थे। ऐसी जानकारी मिली।

मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूहों द्वारा वनोपज से तैयार उत्पादों को सराहा

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में विभिन्न वनमण्डलों के स्व-सहायता समूहों द्वारा वनोपजों से तैयार विभिन्न उत्पादों का अवलोकन किया और सराहा।

जशपुर, कवर्धा, सूरजपुर वनमण्डलों के स्व-सहायता समूहों के उत्पादों में लाख से बनी चूड़ियां, जशपुर की चाय, शहद, च्यवनप्राश, विभिन्न वनौषधियों, जैविक चावल और जैविक उत्पादों आदि की प्रदर्शनी लगाई गई थी। जशपुर वनमंडल की वनप्रबंधन समिति सारुडीह, मरवाही वनमंडल के दानीकुंडी समिति, वन-धन स्व-सहायता समूह दानीकुंडी, सूरजपुर वनमण्डल, कवर्धा वनमण्डल की कुकदूर वन समिति द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। झिटकू-मिटकू वन हस्तशिल्प कला समिति रायपुर के स्टॉल में बेलमेटल और लौहशिल्प की कलाकृतियां रखी गयी थी। मुख्यमंत्री स्टॉलों पर उत्पादों के संबंध में समूह के सदस्यों से जानकारी भी ली।

आदिमजाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार द्वय श्री प्रदीप शर्मा और श्री विनोद वर्मा, वन विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री राकेश चतुर्वेदी सहित स्व-सहायता समूहों के सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री 'वन आधारित जलवायु सक्षम आजीविका की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव' विषय पर आयोजित एक दिवसीय परिचर्चा में शामिल होने अरण्य भवन पहुंचे थे।

संस्कृत विद्यामण्डलम् हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा दो मार्च से समय-सारणी घोषित

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् के द्वारा संचालित प्राच्य संस्कृत विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा वर्ष 2019-20 में दो मार्च से प्रारंभ होंगी और 24 मार्च को सम्पन्न होंगी। परीक्षा की समय-सारणी भी जारी कर दी गई है। हाई स्कूल पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष (9वीं), पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं) एवं हायर सेकेण्डरी उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष (11वीं), उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष(12वीं), स्कूल सर्टिफिक्रेट परीक्षा प्रातः 9 से 12.30 बजे तक होंगी। परीक्षा की निर्धारित समय-सारणी के अनुसार उत्तर मध्यमा (हायर सेकेण्डरी) प्रथम वर्ष में 2 मार्च को प्रथम प्रश्न पत्र अनिवार्य व्याकरण एवं साहित्य और द्वितीय वर्ष में षष्ठ प्रश्न पत्र भूगोल, 4 मार्च को प्रथम वर्ष का द्वितीय प्रश्न पत्र शास्त्रीय विषय (चयनित विषय में से कोई एक) और द्वितीय वर्ष में सप्तम् प्रश्न पत्र राजनीति शास्त्र, रसायन शास्त्र, व्यवसाय अध्यन का होगा। 6 मार्च को प्रथम वर्ष का तृतीय प्रश्न पत्र व्यावसायिक संस्कृतम (चयनित विषय में से कोई एक) और द्वितीय वर्ष में षष्ठ प्रश्न पत्र में भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, 13 मार्च को प्रथम वर्ष का चतुर्थ प्रश्न पत्र सामान्य हिन्दी, अंग्रेजी और द्वितीय वर्ष में पंचम प्रश्न पत्र इतिहास, जीवविज्ञान, गणित, लेखांकन का होगा। 16 मार्च को प्रथम वर्ष में पंचम प्रश्न पत्र इतिहास, जीवविज्ञान, गणित, लेखांकन और द्वितीय वर्ष में चतुर्थ प्रश्न पत्र सामान्य हिन्दी, अंग्रेजी, 18 मार्च को प्रथम वर्ष का षष्ठ प्रश्न पत्र भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र और द्वितीय वर्ष में तृतीय प्रश्न पत्र व्यावसायिक संस्कृतम् (चयनित विषय में से कोई एक), 21 मार्च को सप्तम् प्रश्न पत्र राजनीति शास्त्र, रसायन शास्त्र, व्यवसाय अध्यन और द्वितीय वर्ष में द्वितीय प्रश्न पत्र शास्त्रीय विषय (चयनित विषय में से कोई एक), 24 मार्च को प्रथम वर्ष का षष्ठ प्रश्न पत्र भूगोल और द्वितीय वर्ष प्रथम प्रश्न पत्र अनिवार्य व्याकरण एवं साहित्य विषय का होगा।

सरकार ने बारिश के कारण किसानों को जारी टोकन के पुर्नव्यवस्थापन की व्यवस्था की

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में किसानों से अब तक 32.63 लाख मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। गत दिनों प्रदेश के कुछ हिस्सों में आकस्मिक बारिश की स्थिति उत्पन्न हुई है। इसके कारण कुछ खरीदी केन्द्रों के फड़ के गीले होने की स्थिति निर्मित हुई है।

इस स्थिति से निपटने के लिए किसानों को 2 और 3 जनवरी को धान बेचने हेतु जारी टोकन के पुर्नव्यवस्थापन की व्यवस्था की गई है। शासन द्वारा पंजीकृत किसानों के धान की निर्धारित पात्रता अनुसार खरीदी की समुचित व्यवस्था की गई है। किसान अपना धान पुनः टोकन जारी कराकर खरीदी केन्द्रों में लाकर विक्रय कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ उरांव आदिवासी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 12 को

रायपुर (आरएनएस)। प्रति वर्ष की भांति छत्तीसगढ़ उरांव समाज द्वारा आदिवासी विकास परिषद के बैनरतले 12 जनवरी को युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन टिकरापारा गोंडवाना भवन में किया गया है। उक्त सम्मेलन में समाज के युवक युवती सुबह 10. 30 बजे से 1 बजे के मध्य प्रारंभिक सत्र में शामिल होंगे। भोजनावकाश के बाद द्वितीय सत्र दो से पांच बजे के मध्य चलेगा जिसमें समाज की युवक युवती मंच पर आकर अपने बारे में विस्तारपूर्वक परिचय देंगे। पंजीयन के लिए युवक युवतियों से दो पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो और शैक्षणिक प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है।

धूर नक्सल प्रभावित सारकेगुड़ा में ओपन थियेटर का किया गया शुभारंभ

बीजापुर (आरएनएस)। जिला पुलिस बल एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस 168 बटालियन के संयुक्त प्रयास से ग्राम सारकेगुड़ा में आसपास के ग्रामीणों को जागरूक करने एवं विकास की तस्वीर को आम जनता के सामने रखने के लिये एक अभिनव प्रयास किया गया है। जिसके तहत् सारकेगुड़ा कैम्प के समीप ही ग्रामीणों के लिये ओपन थियेटर बनाया गया है।

डीआईजी सीआरपीएफ कोमल सिंह, बीजापुर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं कमांडेंट सीआरपीएफ 168 बटालियन के विनय कुमार चौधरी के द्वारा ओपन थियेटर का शुभारंभ फीता काटाकर किया गया। ओपन थियेटर के माध्यम से रोजना ग्रामीणों को विकास पर एवं देशभक्ति की फिल्मे दिखाई जायेंगी। इस ओपन थियेटर में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी भी टेलीफिल्म एवं डक्यूमेंट्री फिल्मों के माध्यम से ग्रामीणो को दिखाई जायेगी। क्षेत्र के विकास के लिये सड़क, बिजली, पानी जैसे मुलभूत चीजों की आवश्यक है, जिसके संबंध में कराये जा रहे विकास कार्यो में सहभागिता निभाने के लिये ग्रामीणों को जागरूक करने एवं लाल आतंक के साये से दूर रखने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल जिला पुलिस बल एवं केरिपु के द्वारा किया गया है। ओपन थियेटर के उद्घाटन में स्थानीय स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुती दी गई एवं महिलाओं के लिये रस्साकसी प्रतियोगित आयोजित की गई थी। इस आयोजन में बच्चों एवं रस्साकसी में विजेता टीम को पुरूस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सारकेगुड़ा, राजपेंटा, कोत्तागुड़ा, बासागुड़ा, लिंगागिरी, कोरसागुड़ा के लगभग 500 ग्रामीणा शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ी फूलमाली समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 5 को

» कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे सांसद सुनील सोनी, विशिष्ट अतिथि होंगे दक्षिण एवं पश्चिम विधायक

रायपुर(आरएनएस)। आगामी 5 जनवरी 2020 को छत्तीसगढ़ फूलमाली समाज का प्रथम अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन श्री राज राजेश्वरी महामाया मंदिर अमीनपारा पुरानी बस्ती स्थित सत्संग भवन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर के सांसद सुनील सोनी होंगे। जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल एवं रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय होंगे।

असाधारण आसूचना कुशलता पदक से नवाजे जाएंगे राज्य के तीन पुलिस अफसर

रायपुर (आरएनएस)। राज्य पुलिस के तीन पुलिस अफसरों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ के तीन पुलिस कर्मियों को असाधारण आसूचना कुशलता पदक से सम्मानित करेगा।

जिन तीन पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। उनके एसआईबी की एएसपी गायत्री सिंह, विशेष शाखा के डीएसपी नजमुस साकिब और बिलापुर के विशेष शाखा में पदस्थ इंस्पेक्टर चित्रसेन सिंह खरसन का नाम शामिल है। डीजीपी डीएम अवस्थी ने तीनों पुलिस अफसरों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डीजीपी श्री अवस्थी ने उम्मीद जताई है कि तीनों पुलिस अफसर भविष्य में भी और बेहतर काम करेंगे।

रैन बसेरा व जिला अस्पताल जाकर कलेक्टर ने बांटे कंबल

धमतरी (आरएनएस)। कलेक्टर रजत बंसल ने गुरूवार दो जनवरी को बस स्टैण्ड स्थित रैन बसेरा व जिला अस्पताल में जाकर निर्धन मुसाफिरों व रोगी तथा उनके परिजनों को गर्म कम्बल वितरित किए। प्रदेश सहित जिले में दो जनवरी से हो रही बेमौसम बारिश के चलते ठण्ड व शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। ठण्ड के बढ़ने के साथ रूक-रूककर हो रही वर्षा से तापमान लगातार गिरता जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने जिले में स्थित सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में शनिवार चार जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। लगातार बढ़ती ठण्ड और शीतलहर को दृष्टिगत करते हुए प्रदेश शासन ने रैन बसेरा व प्रमुख चैक-चैराहों में अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्थिति पर नजर रखते हुए अनुकूल व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत कलेक्टर बंसल गुरूवार की रात 10.30 बजे जिला अस्पताल में पहुंचकर मरीजों व उनके परिजनों से सौजन्य भेंट कर उनका हालचाल जाना, साथ ही उन्हें कम्बल भी बांटे।

विधायक पहुंचे गंगालूर, निर्माणाधीन डामरीकृत सड़क का किया निरीक्षण, कोताही ना बरतने का दिया निर्देश

बीजापुर (आरएनएस)। क्षेत्रीय विधायक व बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी अपने एक दिवसीय प्रवास पर गंगालूर पहुंचे । इस दौरान विधायक ने निर्माणाधीन डामरीकृत सड़क का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को कोताही ना बरतने का निर्देश भी दिया ।

अपने गंगालूर प्रवास के दौरान विधायक ने गंगालूर में आयोजित क्रिकेट मैच का सुभारम्भ करते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया । वही विधायक विक्रम मंडावी ने गंगालूर के ग्रामीणों से सौजन्य मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गम्भीरता से सुनते हुए जल्द ही दूर करने का आश्वाशन भी दिया । विधायक के इस प्रवास के दौरान जिलाध्यक्ष लालू राठौर, वेणु गोपाल राव, बब्बू राठी सहित गंगालूर के जनप्रतिनिधि और कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

किसानों को धान का 2500 रूपए मूल्य देने मुख्यमंत्री ने गठित की समिति

» कृषि मंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति एक माह में प्रस्तुत करेगी अनुशंसा

» आदिम जाति विकास मंत्री, वन मंत्री और खाद्य मंत्री बनाए गए समिति के सदस्य

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का 2500 प्रति क्विंटल की दर से भुगतान सुनिश्चित करने के लिए कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे की अध्यक्षता में समिति गठित की है। आदिम जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेससाय सिंह टेकाम, वन मंत्री मोहम्मद अकबर और खाद्य मंत्री अमरजीत भगत समिति के सदस्य बनाए गए है। यह समिति भारत सरकार तथा अन्य राज्य सरकारों द्वारा किसानों को नगद सहायता देने से संबंधित योजनाओं का परीक्षण कर तथा सभी संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श कर एक माह में अनुशंसा प्रस्तुत करेगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी रघुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

बाइक दुर्घटना में सुकमा के युवक की मौत

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के बचेली से 10 किलोमीटर दूर भांसी ग्राम के पोटा केबिन के समीप मोड़ पर 2 जनवरी की देर रात्रि को बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसमें एक युवक की मृत्यु हो गयी रात भर युवक सड़क के किनारे झाड़ियों में पड़ा रहा। सुबह खबर लगते ही मौके पर भांसी पुलिस पहुंची एवं युवक की जेब से परिचय पत्र एवं ड्राइविंग लाइसेंस के माध्यम से दुर्घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक 24 वर्षीय विशाल नायक सुकमा का निवासी है पिता दुर्योधन नायक मुनगा

ग्राम में शिक्षक है। परिजनों के अनुसार विशाल कल सुबह घर से यह कहकर निकला था कि वह दंतेवाड़ा रेलवे कॉलोनी अपनी बहन के यहां भांजे का जन्मदिन मनाने जा रहा है। विशाल रात्रि तकरीबन 08 से 09 बजे के मध्य दंतेवाड़ा से अपनी बहन को यह कहकर निकला की वापस अपने घर सुकमा जा रहा है, परंतु विशाल भांसी कैसे पहुंचा इसकी जानकारी किसी को नहीं है। घटना की खबर लगते ही परीजन भांसी पहुंच चुके थे। भांसी पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा करके शव परिजनों को सौंप दिया है।

बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस में गैस रिसाव, डीजीएम सहित 5 कर्मी गम्भीर

» सभी प्रभवितो को सेक्टर9 अस्पताल में किया गया भर्ती

भिलाईं (आरएनएस)। उत्पादन की दृष्टि से एशिया के सबसे बड़े स्टील प्लांट में से एक छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई इस्पात संयंत्र में गैस रिसाव की खबर सामने आ रही है। गैस रिसाव से एक डीजीएम व 5 कर्मी सहित 6 कर्मी प्रभावित हुए हैं। जिनमें से 3 कर्मी गंभीर रुप से प्रभावित बताए जा रहे हैं। यह घटना संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस 8 मे हुई है। सभी घायल कर्मियों को

अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि 3 गंभीर घायल कर्मियों का ढ्ढष्ट मे उपचार चल रहा है।

गैस से आहत सभी 5 राइट्स के कर्मचारी बताए गए हैं। गंभीर रुप से घायल कर्मचारी - लोको चालक अभिषेक आनंद 26 साल निवासी नेहरू नगर पूर्व, सिग्नल मेन बालकृष्णा 27 साल निवासी खुर्शीपार, लोको चालक खुर्शीपार निवासी के.नागराज 33 साल, गैस से ज्यादा आहत हुए है। वहीं राइट्स के कर्मचारी संतोष कुमार व कालीदास का उपचार ,1 में चल रहा है। मौके पर सुबह-सुबह पहुंचे ब्लास्ट फर्नेस के ष्ठत्रू राजेश कुमार भी गैस रिसाव से प्रभावित हुए। उनका उपचार भी सेक्टर 09 चिकित्सालय मे चल रहा है।